नईदुनिया

खास खबरें

नाबालिग को बहला-फुसलाकर ले जाने का मामला दर्ज

नप्र, भोपालः राजधानी के छोलामंदिर थाना क्षेत्र स्थित शंकर नगर छोला में 15 वर्षीय किशोरी के गुम होने के मामले में पुलिस ने जांच के बाद अपहरण का प्रकरण दर्ज किया है। परिजनों की शिकायत पर गुमशुदगी दर्ज की गई थी। जांच के दौरान यह तथ्य सामने आया कि नाबालिग को कोई अज्ञात व्यक्ति अपने साथ ले गया। पुलिस ने बीएनएस की धारा 137(2) के तहत मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

निर्माणाधीन मकान से कॉपर वायर चोरी

शाहपुरा थाना क्षेत्र के पल्लवी नगर स्थित एक निर्माणाधीन मकान को चोरों ने निशाना बनाया। अज्ञात आरोपी मकान से केबल वायर और कॉपर वायर चोरी कर ले गए। मकान मालिक की शिकायत पर पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

20 क्वार्टर देशी शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

कजलीखेड़ा थाना पुलिस ने अमरावत कला क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति को अवैध शराब के साथ पकड़ा। आरोपी के कब्जे से 20 क्वार्टर देशी शराब बरामद की गई, जिसकी कीमत लगभग दो हजार रुपये बताई गई है। आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

मजार के पास युवक छुरी के साथ पकड़ाया

निशातपुरा थाना क्षेत्र में मजार के पास पुलिस ने एक युवक को अवैध रूप से छुरी रखते हुए पकड़ा। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर हथियार जब्त कर लिया गया है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीते मिले कई लोग

पिपलानी, कटारा हिल्स, गौतम नगर और कोहेफिजा थाना क्षेत्रों में पुलिस ने अभियान चलाकर सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों के खिलाफ कार्रवाई की। विभिन्न मामलों में आरोपियों पर आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किए गए।

हमीदिया अस्पताल में वृद्ध महिला की मौत

हबीबगंज क्षेत्र में हमीदिया अस्पताल में उपचार के दौरान लगभग 70 वर्षीय अज्ञात महिला की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा महिला की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं।

21 वर्षीय युवती रहस्यमय ढंग से लापता

पिपलानी थाना क्षेत्र के न्यू शिवनगर आनंद नगर से 21 वर्षीय युवती बिना बताए घर से चली गई। परिजनों की शिकायत पर गुमशुदगी दर्ज कर पुलिस उसकी तलाश कर रही है।

युवक के साथ मारपीट और जान से मारने की धमकी

छोलामंदिर थाना क्षेत्र के दशहरा मैदान में एक युवक के साथ गाली-गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गौशाला क्षेत्र से 16 वर्षीय किशोरी लापता

सूखी सेवनिया थाना क्षेत्र के मुगालिया हाट इलाके से 16 वर्षीय किशोरी बिना बताए घर से चली गई। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर तलाश शुरू की।

किशोरी को ले जाने पर अपहरण का केस

सूखी सेवनिया पुलिस ने खुशबू की गुमशुदगी की जांच के बाद अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ नाबालिग को ले जाने का मामला दर्ज किया है। पुलिस आरोपी की पहचान और गिरफ्तारी के प्रयास कर रही है।

दुकान का ताला तोड़कर नकदी और गुटखा चोरी

नप्र, भोपालः बैरसिया थाना क्षेत्र के ललरिया इलाके में अज्ञात चोरों ने एक दुकान का ताला तोड़कर गुटखा पाउच और नकदी सहित करीब 5,200 रुपये का सामान चोरी कर लिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

राष्ट्रपति से मुख्यमंत्री की सौजन्य भेंट, स्मृति चिन्हों का हुआ आदान-प्रदान

नप्र, भोपालः राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु से जबलपुर सर्किट हाउस में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सौजन्य भेंट की।

इस गरिमामयी मुलाकात के दौरान दोनों के बीच आत्मीय संवाद हुआ और संस्कृति व श्रद्धा के प्रतीक स्वरूप स्मृति चिन्हों का आदान-प्रदान किया गया। राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु को मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश आगमन पर स्वागत करते हुए जीवनदायिनी मां नर्मदा की बेहद सुंदर प्रतिमा भेंट की।

वहीं, राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु ने भी अपनी ओर से मुख्यमंत्री डॉ. यादव को पुरी स्थित सुप्रसिद्ध भगवान जगन्नाथ, भाई बलराम तथा बहन सुभद्रा की अलौकिक तस्वीर सप्रेम भेंट की। ओडिशा की ऐतिहासिक धरोहर कोणार्क सूर्य मंदिर के विश्व प्रसिद्ध चक्र की भव्य प्रतिकृति भी उपहार स्वरूप प्रदान की।

सार्वजनिक स्थल पर मलबा फेंकना पड़ा महँगा, निगम ने ट्रैक्टर-ट्रॉली पर लगाया दस हजार का जुर्माना

गोविंदपुरा औद्योगिक क्षेत्र में सड़क किनारे फेंकी जा रही थीं सीमेंट की टूटी चादरें, निगम की कार्रवाई

भोपाल। शहर में स्वच्छता व्यवस्था को बनाए रखने के लिए नगर निगम ने सार्वजनिक स्थलों पर निर्माण एवं विध्वंस (सी एंड डी) कचरा फेंकने वालों के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी है। शनिवार को गोविंदपुरा औद्योगिक क्षेत्र में सड़क किनारे सीमेंट की टूटी हुई चादरें और मलबा फेंकते हुए एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को पकड़कर नगर निगम ने 10 हजार रुपये का जुर्माना वसूला।

नगर निगम अधिकारियों के अनुसार यह कार्रवाई निगम आयुक्त संस्कृति जैन के निर्देश पर की गई। शहर में सड़कों, फुटपाथों और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर गंदगी फैलाने तथा सी एंड डी वेस्ट फेंकने वालों के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

निगम के जोन क्रमांक-16 के स्वास्थ्य विभाग की टीम ने वार्ड क्रमांक-65 स्थित गोविंदपुरा औद्योगिक क्षेत्र में निरीक्षण के दौरान एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को सड़क किनारे सार्वजनिक स्थल पर सीमेंट की टूटी चादरें और अन्य मलबा फेंकते हुए पाया।

टीम ने तत्काल वाहन चालक और संबंधित व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 10 हजार रुपये का स्पॉट फाइन वसूला। कार्रवाई के दौरान निगम अमले ने संबंधित लोगों को सार्वजनिक स्थलों पर मलबा और कचरा नहीं फेंकने की समझाइश भी दी। अधिकारियों ने चेतावनी दी कि भविष्य में इस प्रकार की गतिविधियां पाए जाने पर और अधिक कठोर कार्रवाई की जाएगी।

स्वच्छता व्यवस्था पर विशेष फोकस

नगर निगम का कहना है कि सार्वजनिक स्थलों पर निर्माण सामग्री और मलबा फेंकने से न केवल शहर की सुंदरता प्रभावित होती है, बल्कि यातायात और सफाई व्यवस्था में भी बाधा उत्पन्न होती है। इसी कारण ऐसे मामलों में लगातार निगरानी रखी जा रही है और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जा रही है।

योग से स्वस्थ जीवन का संदेश, साई सीआरसी भोपाल ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के क्षेत्रीय केंद्र (सीआरसी) भोपाल में 12वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस वर्ष की थीम 'स्वस्थ आयु के लिए योग' रही। कार्यक्रम में खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों और कर्मचारियों ने प्रशिक्षित विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास किया।

योग को शारीरिक फिटनेस, मानसिक संतुलन और तनाव मुक्ति का प्रभावी माध्यम बताया गया।योग दिवस के अवसर पर साई सीआरसी भोपाल ने अपना घर वृद्धाश्रम और द भोपाल स्कूल ऑफ सोशल साइंसेज़ (बीएसएसएस) कॉलेज में भी विशेष योग सत्र आयोजित किए।

वृद्धाश्रम में वरिष्ठ नागरिकों को स्वास्थ्य और संतुलन बढ़ाने वाले योगाभ्यास कराए गए, जबकि बीएसएसएस कॉलेज में विद्यार्थियों, शिक्षकों और कर्मचारियों ने योग, ध्यान और प्राणायाम में भाग लिया। साई सीआरसी भोपाल ने सभी नागरिकों से योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया।

योग, ध्यान और नशामुक्ति का संदेश लेकर मना अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा सुख-शांति भवन नीलबड़ सहित शहर के विभिन्न सेवा केंद्रों पर योग एवं राजयोग ध्यान कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रमों में योग के माध्यम से शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य का संदेश दिया गया।

सुख-शांति भवन में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में वरिष्ठ राजयोगिनी नीता दीदी ने कहा कि योग केवल शरीर को स्वस्थ रखने की विधि नहीं, बल्कि स्वयं को पहचानकर परमात्म शक्ति से जुड़ने की जीवन कला है। ब्रह्माकुमारी हेमा दीदी ने कहा कि योग और राजयोग व्यक्ति को भीतर से मजबूत बनाकर जीवन में संतुलन और खुशी प्रदान करते हैं।

इस अवसर पर प्रतिभागियों को योगासन, प्राणायाम और राजयोग ध्यान का अभ्यास कराया गया। नारकोटिक्स ब्यूरो के इंस्पेक्टर विवेकानंद ने युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से आगाह करते हुए नशामुक्त जीवन अपनाने का आह्वान किया।

ईदगाह हिल्स, पंचवटी, जवाहर चौक, अरेरा कॉलोनी सहित विभिन्न केंद्रों पर भी विशेष कार्यक्रम हुए। गांधी मेडिकल कॉलेज, पंडित खुशीलाल शर्मा आयुर्वेद एवं होम्योपैथिक संस्थान, कैंसर हॉस्पिटल तथा अन्य संस्थानों में योग सत्र आयोजित किए गए। समापन पर प्रतिभागियों ने योग, ध्यान और नशामुक्त जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया।

योग दिवस पर प्रदेशभर में गूंजा योग का संदेश

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2026 के अवसर पर मध्यप्रदेश पर्यटन बोर्ड द्वारा कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर में राज्य स्तरीय योग कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कोलकाता से प्रसारित राष्ट्रीय संबोधन का वर्चुअल प्रसारण किया गया। प्रधानमंत्री ने कहा कि योग विश्व शांति, स्वास्थ्य और मानवीय एकता का आधार है तथा यह सभी को जोड़ने का कार्य करता है।

कार्यक्रम में मध्यप्रदेश पर्यटन बोर्ड के प्रबंध संचालक एवं पर्यटन सचिव डॉ. इलैयाराजा टी., अपर प्रबंध संचालक डॉ. अभय बेडेकर सहित अधिकारियों और कर्मचारियों ने योगाभ्यास किया। सेवा समिति वृद्धाश्रम के वरिष्ठ नागरिक भी योग सत्र में शामिल हुए। आयुष मंत्रालय के निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार प्रार्थना, सूक्ष्म व्यायाम, विभिन्न आसनों, प्राणायाम, ध्यान और समापन प्रार्थना का अभ्यास कराया गया।

पर्यटन सचिव डॉ. इलैयाराजा टी. ने कहा कि योग केवल स्वास्थ्य गतिविधि नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति और जीवन मूल्यों से जुड़ी अमूल्य विरासत है। वहीं डॉ. अभय बेडेकर ने योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने पर जोर देते हुए कहा कि इससे स्वस्थ और संतुलित समाज के निर्माण में मदद मिलेगी।

निशातपुरा में युवक पर चाकुओं से हमला, अस्पताल में भर्ती

हाथ, पैर और चेहरे पर किए कई वार

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः राजधानी के निशातपुरा थाना क्षेत्र में एक युवक पर चाकुओं से किए गए हमले की सनसनीखेज घटना सामने आई है। बदमाशों ने युवक पर ताबड़तोड़ हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल युवक को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हमलावरों ने युवक के हाथ, पैर और चेहरे पर कई वार किए, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर मौके पर ही गिर पड़ा। घटना के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में युवक पर हमला होता दिखाई दे रहा है। हालांकि वीडियो की सत्यता और घटनाक्रम के सभी पहलुओं की पुष्टि पुलिस जांच के बाद ही हो सकेगी। घटना की सूचना मिलते ही निशातपुरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज जुटाना शुरू कर दिए हैं। साथ ही प्रत्यक्षदर्शियों और स्थानीय लोगों से भी पूछताछ की जा रही है। फिलहाल हमले के पीछे की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और सभी संभावित पहलुओं को ध्यान में रखकर पड़ताल की जा रही है। पुलिस ने हमलावरों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार करने के लिए विशेष टीमों को लगाया है। अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

हिंदी ग्रंथ अकादमी का 56वां स्थापना दिवस आज

नप्र, भोपालः मप्र हिंदी ग्रंथ अकादमी का 56वां स्थापना दिवस समारोह सोमवार, 22 जून को सायं 4 बजे मध्यप्रदेश निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग, भोपाल में आयोजित किया जाएगा। समारोह के मुख्य अतिथि उच्च शिक्षा, तथा अकादमी के अध्यक्ष इन्दर सिंह परमार होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अकादमी के संचालक अशोक कड़ेल करेंगे। समारोह में अपर मुख्य सचिव उच्च शिक्षा अनुपम राजन और आयुक्त उच्च शिक्षा प्रबल सिपाहा विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे। इस अवसर पर अकादमी द्वारा प्रकाशित 'प्रगति पथ' ब्रोशर तथा द्विमासिक पत्रिका 'रचना' का विमोचन भी किया जाएगा। अकादमी के सहायक संचालक (प्रभारी) श्रीराम विश्वास कुशवाहा ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अंतर्गत उच्च शिक्षा के लिए ग्रंथों और पांडुलिपियों के निर्माण में उल्लेखनीय योगदान देने वाले शिक्षाविदों को सम्मानित किया जाएगा।

एक चेहरे पर 36 हजार सिम! साइबर ठगी के सबसे बड़े नेटवर्क की तलाश में 'ऑपरेशन फेस-2'

फर्जी केवायसी, हजारों मोबाइल नंबर, अब थोक खरीदारों व असली उपयोगकर्ताओं तक पहुंचेगी जांच

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः मध्य प्रदेश में फर्जी सिम कार्डों के जरिए संचालित साइबर अपराध के विशाल नेटवर्क का खुलासा होने के बाद अब जांच नए और अधिक महत्वपूर्ण चरण में प्रवेश कर रही है। राज्य साइबर पुलिस मुख्यालय ने 'ऑपरेशन फेस-2' शुरू करने की तैयारी कर ली है, जिसके तहत उन लोगों की पहचान की जाएगी जिन्होंने फर्जी तरीके से सक्रिय कराए गए सिम कार्डों को खरीदा, सप्लाई किया या साइबर अपराधियों तक पहुंचाया।

जांच में सामने आया है कि प्रदेश में केवल 135 चेहरों की तस्वीरों के आधार पर 36,668 सिम कार्ड सक्रिय पाए गए हैं। मामले की गंभीरता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि विभिन्न जिलों में अब तक 33 एफआईआर दर्ज हो चुकी हैं। अधिकारियों का मानना है कि यह सिर्फ फर्जी दस्तावेजों का मामला नहीं, बल्कि साइबर अपराध की संगठित सप्लाई चेन का हिस्सा हो सकता है।

रीवा, सतना, मुरैना और गुना बने जांच के केंद्रः साइबर पुलिस और दूरसंचार विभाग की पड़ताल में रीवा, सतना, मुरैना और गुना जैसे जिले सबसे अधिक संदिग्ध पाए गए हैं। विभागीय आंकड़ों के अनुसार गुना में 3,760, सतना में 2,870 और मुरैना में 2,714 सिम कार्ड एक ही तस्वीर के आधार पर जारी किए गए। वहीं रीवा-सतना क्षेत्र में वर्ष 2020 से 2022 के बीच एक व्यक्ति की फोटो का इस्तेमाल कर 2,279 सिम कार्ड सक्रिय किए जाने का मामला जांच एजेंसियों के लिए सबसे बड़ी चुनौती बना हुआ है। जांच में संकेत मिले हैं कि आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस और अन्य पहचान दस्तावेजों का दुरुपयोग कर बड़ी संख्या में मोबाइल कनेक्शन लिए गए। कई मामलों में नाम और पते बदलकर या चिह्नित प्रक्रिया में कथित हेरफेर कर सिम कार्ड सक्रिय किए गए। अधिकारियों को आशंका है कि इसमें स्थानीय स्तर पर एजेंटों और बिचौलियों का नेटवर्क भी शामिल हो सकता है। भोपाल में सामने आए एक मामले में दो कथित पीओएस एजेंटों की गिरफ्तारी हुई थी। पुलिस के अनुसार आरोपी ग्राहकों के दस्तावेजों का दुरुपयोग कर एक ही तस्वीर के आधार पर अनेक सिम कार्ड चालू करते थे और बाद में उन्हें बेच देते थे। इससे यह सवाल भी खड़ा हुआ है कि क्या सिम बिक्री बढ़ाने की होड़ में नियमों की अनदेखी की गई।

प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

नप्र, भोपालः शाहपुरा थाना क्षेत्र के रोहित नगर फेस-2 में किराये से रहने वाले एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक की पहचान ग्वालियर निवासी सौरभ सिंह (28) के रूप में हुई है, जो भोपाल में नौकरी करने के साथ-साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी भी कर रहा था। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार सौरभ अपने मित्र आदित्य के साथ किराये के कमरे में रहता था। शनिवार रात सौरभ की बहन ने आदित्य को फोन कर बताया कि वह लगातार कॉल कर रही हैं, लेकिन सौरभ फोन रिसीव नहीं कर रहा है। इसके बाद आदित्य कमरे पर पहुंचा तो सौरभ मृत अवस्था में मिला।घटना की सूचना मिलते ही शाहपुरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मृतक का मोबाइल फोन जब्त कर लिया है तथा उसके कॉल रिकॉर्ड और अन्य डिजिटल जानकारी की जांच की जा रही है।

पुलिस लाइन में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सामूहिक योगाभ्यास

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पुलिस लाइन नेहरू नगर में शनिवार को योग एवं प्राणायाम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर सामूहिक योगाभ्यास किया तथा स्वस्थ एवं अनुशासित जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में पुलिस महानिरीक्षक (प्रशासन) श्रीमती रूचि वर्धन मिश्र, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त श्रीमती नीतू ठाकुर, आरआई श्री जयसिंह तोमर सहित अन्य अधिकारी एवं पुलिसकर्मी उपस्थित रहे। योग प्रशिक्षक ने उपस्थित पुलिसकर्मियों को विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम की विधियों का अभ्यास कराया और उनके स्वास्थ्य संबंधी लाभों की जानकारी दी।

इस अवसर पर अधिकारियों ने कहा कि वर्तमान समय में योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि स्वस्थ और संतुलित जीवन जीने का प्रभावी माध्यम है। नियमित योगाभ्यास से शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य बेहतर होता है, तनाव कम होता है तथा कार्यक्षमता और एकाग्रता में वृद्धि होती है।

अधिकारियों ने पुलिसकर्मियों को अपने व्यस्त और चुनौतीपूर्ण कार्यदिवस के बीच योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि स्वस्थ पुलिस बल ही बेहतर कानून व्यवस्था और जनसेवा सुनिश्चित कर सकता है। कार्यक्रम में करीब 300 पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सहभागिता की। सभी प्रतिभागियों ने सामूहिक रूप से योग एवं प्राणायाम का अभ्यास कर स्वस्थ, सकारात्मक और अनुशासित जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम ने पुलिसकर्मियों को फिटनेस, मानसिक संतुलन और तनाव प्रबंधन का संदेश दिया।

भानपुर में पुलिस की घेराबंदी, कार से 85 हजार की अवैध अंग्रेजी शराब जब्त

भोपाल। राजधानी में अवैध शराब के कारोबार पर शिकंजा कसते हुए छोला मंदिर थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। भानपुर गोलंबर क्षेत्र में घेराबंदी कर पुलिस ने एक कार से 10 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद की है। जब्त शराब की कीमत करीब 85 हजार रुपये आंकी गई है। मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार 20 जून को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक सफेद रंग की कार में अवैध रूप से अंग्रेजी शराब का परिवहन किया जा रहा है और वाहन भानपुर गोलंबर क्षेत्र से गुजरने वाला है। सूचना मिलते ही थाना छोला मंदिर की टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर निगरानी शुरू की।पुलिस टीम ने संदिग्ध वाहन को चिन्हित कर रोकने का प्रयास किया, लेकिन चालक कार को तेज गति से लेकर भागने लगा।

वाहन की तलाशी लेने पर कार के अंदर 10 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद हुई।

मुख्यमंत्री ने डॉ. हेडगेवार की पुण्यतिथि पर अर्पित की श्रद्धांजलि

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक और प्रथम सरसंघचालक, डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार की पुण्यतिथि उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अपने संदेश में कहा कि डॉ. हेडगेवार ने स्वयं-सेवकों में राष्ट्रीय चरित्र विकसित करने के ध्येय से संघ की स्थापना की और मां भारती के वैभव को अक्षुण्ण बनाए रखने में अतुलनीय योगदान दिया। राष्ट्र के लिए समर्पित डॉ. हेडगेवार का अनुशासित जीवन युवाओं को अनंतकाल तक प्रेरित करता रहेगा।

Online Tender Document" Purchase Of Laptop, Desktop and Multifunction Printer For SCRB PHO" M.P. Police

STATE CRIME RECORDS BUREAU, POLICE HEADQUARTER, M.P., BHOPAL

No./PHQ/SCRB/STORE/ 1144/2026 Bhopal, Dated 19.06.2026

ONLINE TENDER NOTICE

Online tender are invited by Assistant Inspector General of SCRB, Police Head Quarter, Bhopal on behalf of DGP of MP, for the following on website https://gem.gov.in/

SN.	Name of Works	Tender No.
1	Purchase Of Laptop, Desktop and Multifucntion Printer For SCRB PHQ	Gem/2026/B/ 7676068

1. Bids shall be submitted online only at GEM PORTAL.
2. Critical Date Sheet:

Published Date	17/06/2026
Pre bid meeting	24/06/2026 Time 12:00
Bid Submission End Date	08/07/2026 Time 18:00
Bid Opening Date	08/07/2026 Time 18:30

G14721/26 **AIG SCRB** For: DGP MP, PHQ BHOPAL

कार्यालय संपदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधो. वि.मं., प्रक्षेत्र-1,
गोमतिका परिसर, जवाहर चौक भोपाल

आम सूचना

हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, रूसल्ली, बैरसिया रोड, भोपाल में स्थित भूखण्ड क्रमांक ई.डब्ल्यू.एस.- 95 मण्डल द्वारा श्री फूल सिंह मेहर आत्मज श्री रामचरण मेहर के नाम से आवंटित है। उक्त सम्पत्ति का विक्रय विलेख पंजीयन कार्यालय से दिनांक 23/07/1995 को पंजीकृत है। श्री फूल सिंह मेहर द्वारा उक्त सम्पत्ति का मुख्तारआम श्री अशोक कुमार आत्मज श्री कुन्जीलाल को नियुक्त कर दिनांक 15/01/1998 को पंजीकृत किया गया है। उक्त मुख्तारग्रहिता द्वारा उक्त सम्पत्ति श्री रितेश अहिरवार आत्मज श्री फतेह सिंह अहिरवार को विक्रय विलेख के माध्यम से विक्रय कर दिया है। है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 08/08/2017 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। उक्त सम्पत्ति का हस्तांतरण नहीं हो पाया। तत्पश्चात श्री रितेश अहिरवार द्वारा उक्त सम्पत्ति सम्पत्ति श्रीमती मुन्नी बाई पत्नी श्री शिव प्रसाद ठक्कर को विक्रय विलेख के माध्यम से विक्रय कर दिया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 04/10/2017 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। उक्त सम्पत्ति का हस्तांतरण नहीं हो पाया। उसके पश्चात श्रीमती मुन्नी बाई द्वारा उक्त सम्पत्ति श्री वाहिद खान आत्मज श्री शब्बीर खान को विक्रय विलेख के माध्यम से विक्रय कर दिया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 14/08/2018 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। उक्त सम्पत्ति का हस्तांतरण नहीं हो पाया। क्रेतागण /विक्रेता एवं विक्रेता के मुख्तारआम द्वारा आवेदन, शपथ पत्र, संयुक्त शपथ पत्र, विक्रय विलेख की छायाप्रति प्रस्तुत करते हुये उक्त सम्पत्ति श्री फूल सिंह मेहर द्वारा मुख्तारआम श्री अशोक कुमार से श्री रितेश अहिरवार के पक्ष, श्री रितेश अहिरवार से श्रीमती मुन्नी बाई के पक्ष एवं श्रीमती मुन्नी बाई से श्री वाहिद खान आत्मज श्री शब्बीर खान के पक्ष से हस्तांतरित करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। उक्त दस्तावेजो के आधार पर उक्त सम्पत्ति के हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है। यदि उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति /उत्तराधिकारी/ संस्था /वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

संपदा अधिकारी, म.प्र. गृह नि. एवं अधो, वि.म. प्रक्षेत्र-1, भोपाल